# पंचदश

# बिहार विधान-सभा

## पंचदश सत्र

## तारांकित प्रश्न

### वर्ग-3

बुधवार, तिथि 03 पौष 1936 (श0) / 24 दिसम्बर, 2014 (ई0)

**प्रश्नों की कुल संख्या 134**

| | | | |
|---|---|---|---|
| (1) ग्रामीण कार्य विभाग | .. | .. | 55 |
| (2) पथ निर्माण विभाग | .. | .. | 30 |
| (3) ग्रामीण विकास विभाग | .. | .. | 07 |
| (4) जल संसाधन विभाग | .. | .. | 21 |
| (5) लघु जल संसाधन विभाग | .. | .. | 15 |
| (6) भवन निर्माण विभाग | .. | .. | 02 |
| (7) पंचायती राज विभाग | .. | .. | 03 |
| (8) श्रम संसाधन विभाग | .. | .. | 01 |
| | | कुल योग — | 134 |

## सड़क का निर्माण

*96. श्री अरूण कुमार सिन्हा--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, वह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पटना के सैदपुर नहर के दक्षिण तरफ सड़क का निर्माण कार्य पिछले दो वर्षों से बन्द है, यदि हाँ, तो क्या सरकार इस सड़क का निर्माण कार्य शुरू करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों?

---

## पथ का निर्माण

*97. श्री कृष्णनन्दन यादव--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गया जिला के खिजरसराय प्रखण्ड के ग्राम-जगडीहा, पाठक बिगहा (होरमा) एवं अतरी प्रखण्ड के करजनी में पथ का निर्माण नहीं हुआ है, जिससे ग्रामीणों को प्रखण्ड मुख्यालय, अस्पताल तथा विद्यार्थियों को विद्यालय आने-जाने में बहुत दिक्कत होती है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त गाँवों में पथ नहीं होने से उक्त गाँव के बच्चों के लिये बालक-बालिका साइकिल योजना का कोई महत्व नहीं है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार अतरी प्रखण्ड के ग्राम-करजनी एवं खिजरसराय प्रखण्ड में ग्राम-जगडीहा, पाठक बिगहा (होरमा) में पथ का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

## सड़क की मरम्मती

*98. श्री रामदेव महतो--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला के रहिका प्रखण्ड अन्तर्गत पंडौल से गनवैर एवं करबाड़ी से गनबैर तक जानेवाली दोनों सड़कें पूरी तरह से वर्ष 2011 से जर्जर है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़कों की मरम्मती कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

## दोषी पर कार्रवाई

*99. श्री प्रमोद कुमार--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मोतिहारी प्रखण्ड के पसौरा-लाला टोला पथ, पठचरीया कानू टोला पथ, बसविटा अनुसूचित बस्ती पीपरा कोठी में मधुछपरा पंडित टोला पथ मुख्य मंत्री सड़क निर्माण योजना अन्तर्गत वर्ष 2011-12 से गुणवत्ताविहीन निर्माणाधीन है, यदि हाँ, तो सरकार संवेदक एवं दोषी अधिकारी के विरुद्ध कबतक कार्रवाई कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

## आवागमन पुन: बहाल करना

*100. श्री सुबाष सिंह--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिलान्तर्गत गोपालगंज बाढ़ नियंत्रण प्रमण्डल द्वारा वित्तीय वर्ष 2005-06 में सारण तटबंध के 80 कि०मी० से 152 कि०मी० तक आवागमन हेतु मिट्टी का अधूरा कार्य कराया गया था;

(2) क्या यह बात सही है कि कार्य पूरा नहीं कराये जाने के कारण किया गया कार्य प्राय: ध्वस्त हो गया है जिसके कारण आवागमन बाधित है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार सारण तटबंध के उक्त अंश का पक्कीकरण कराकर लोगों के आवागमन सुविधा को पुन: बहाल करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

## पैन की मरम्मती

*101. श्री अनिल सिंह--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अहरान्धा मुख्य पैन आहर सिंचाई योजना एवं दादपुर पैन की मरम्मती नहीं होने से दस हजार एकड़ जमीन सिंचित होने से वंचित रह जाती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उपरोक्त आहर पैन की मरम्मती कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

## पथ का निर्माण

*102. श्री कुमार शैलेन्द्र--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिला के नारायणपुर प्रखण्ड अन्तर्गत राज्य कोर नेटवर्क के तहत प्रस्तावित पथों की प्राथमिकता सूची क्रम सं० 28, पी०एम०जी०एस०वाई०, काली स्थान से ब्राह्मण टोला नवटोलिया नन्देश्वर झा के घर तक पथ की लम्बाई 0.2, कि०मी० एवं प्राथमिकता सूची क्रम सं० 40, रोड नं० 14, रघुनाथ झा के घर से चकरामी झाजी टोला तक पथ की लम्बाई 2 कि०मी० का लगभग दो साल पूर्व शिलान्यास किया गया था, जो आजतक नहीं बना है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त दोनों पथों का निर्माण कबतक कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

## बाँध का निर्माण

*103. डॉ० अच्युतानन्द--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गंगा नदी पर हाजीपुर से बाजितपुर तक हटवा बाँध, महनार बाजार से हसनपुर ग्राम तक काफी क्षतिग्रस्त है और प्रत्येक वर्ष गंगा की कटाव से क्षतिग्रस्त होता है;

(2) क्या यह बात सही है कि हसनपुर से महनार बाजार तक जो वैशाली जिला के महनार प्रखण्ड के अन्तर्गत है, बोल्डर नहीं डाले जाने के कारण बाँध प्रतिवर्ष कटाव से क्षतिग्रस्त होता है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार वैशाली जिला के महनार प्रखण्ड अन्तर्गत हसनपुर से महनार तक गंगा नदी के किनारे बाँध को क्षतिग्रस्त होने से बचाने के लिये बोल्डर डालने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

फ्लैंक का निर्माण

*104. श्री अरूण मांझी--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि एन0 एच0 83 पटना-मसौढ़ी पथ में मोरहर पुल से बदवाँ, सरवाँ रेलवे गुमटी, मसौढ़ी अनुमण्डल तक दोनों तरफ फ्लैंक नहीं रहने के कारण जान-माल का खतरा बना रहता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त जगहों के दोनों तरफ कबतक फ्लैंक निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

पथ की मरम्मती

*105. श्री जवाहर प्रसाद--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि रोहतास जिला के तिलौथु प्रखंड के तिलौथु-महोखरा पथ अत्यंत ही जर्जर हो चुका है जिससे दर्जनों गाँवों के लोगों का प्रखण्ड मुख्यालय से आवागमन बाधित है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त पथ की मरम्मती कराने का विचार रखती है ?

------------

सड़क का पक्कीकरण

*106. श्री रत्नेश सादा--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सहरसा जिलान्तर्गत सोनवर्षा प्रखंड के मोकमा पंचायत के हाईस्कूल के उत्तर से मुख्य सड़क से मोकमा, सुफनिया, भद्दी दुर्गा स्थान तक की सड़क विगत आठ वर्षों से जर्जर स्थिति में है, यदि हाँ, तो सरकार मोकमा, सुफनिया, भद्दी दुर्गा स्थान तक की सड़क को वित्तीय वर्ष 2014-15 में पक्कीकरण कर आवागमन बहाल करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

पटवन की सुविधा देना

*107. श्री राजेश सिंह--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि प0 चम्पारण जिलान्तर्गत बगहा 2 प्रखंड के तिरहुत कैनाल से निकलने वाले लक्ष्मीपुर भेड़ियाही माईनर, रामपुरवा ढाही माईनर, पटेसरा माईनर एवं शेमरा समरपुल माईनर का निर्माण नहरों के पुनर्स्थापन कार्यक्रम 2009-10 एवं 2010-11 के तहत किया गया था जिससे बगहा प्रखंड के किसानों के खेतों में पटवन होता था;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त माईनरों का निर्माण मानक के अनुरूप नहीं होने से किसानों के खेतों में पानी नहीं पहुँच रहा है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त माईनरों को मानक के अनुरूप निर्माण नहीं करने वाले दोषियों पर कार्रवाई करते हुये माईनर से किसानों के खेत तक पानी पहुँचाने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

नलकूप चालू कराना

*108. श्री कुमार शैलेन्द्र--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिलान्तर्गत नारायणपुर प्रखंड के जयपुर चूहर पश्चिम में राजकीय नलकूप अवस्थित है जो विगत चार माह से बंद पड़ा है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त राजकीय नलकूप को कबतक चालू कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

कार्य को पूर्ण करना

*109. श्री विजय कुमार सिन्हा--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि लक्खीसराय जिलान्तर्गत बड़हिया प्रखण्ड के अंतर्गत एन0 एच0 80 से ग्राम- खुटहा तक पी0एम0आर0वाई0 ग्रामीण सड़क रामगढ़ प्रखंड के गुणसागर से सतसंडा तक पी0एम0आर0वाई0 सड़क तथा हलसी प्रखंड के संठना गाँव से सेढ़ना बकाही मुसहरी तक पी0एमआर0वाई0 ग्रामीण सड़क का निर्माण विगत 3 वर्षों से अधूरा पड़ा है;

(2) क्या यह बात सही है कि इसी तरह लक्खीसराय जिलान्तर्गत कुल 36 पी0एम0आर0वाई0 ग्रामीण सड़क का निर्माण अधूरा पड़ा हुआ है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त अधूरे निर्मित सड़कों को पूर्ण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------------

सड़क का निर्माण

*110. श्री रामनरेश प्रसाद यादव--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला के परिहर प्रखण्ड अंतर्गत कन्हमा से भगवतीपुर सड़क ग्रामीण विकास विभाग से स्थानांतरित होकर पथ निर्माण विभाग में वर्ष, 2013 में ही आ गया था;

(2) क्या यह बात सही है कि इण्डो-नेपाल सड़क उपरोक्त सड़क को क्रॉस करती है जिसके कारण उसके एप्रोच सड़क को बनाने की आवश्यकता है;

(3) क्या यह बात सही है कि इण्डो-नेपाल सड़क के क्रॉस करने के कारण दोनों तरफ करीब 1.65 कि0मी0 सड़क खराब हालत में है;

(4) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार कन्हमा-भगवतीपुर के बीच सड़क बनाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------------

सड़क का जीर्णोद्धार

*111. श्री रामचन्द्र सहनी--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि जिला पूर्वी चम्पारण अन्तर्गत पथ निर्माण विभाग के नियंत्रणाधीन नगर पंचायत सुगौली अधीन कॉलेज चौक से बाजार की तरफ जाने वाली सड़क (लम्बाई लगभग 1 कि0मी0) की स्थिति अत्यंत खराब है जिस कारण आम नागरिकों को आवागमन संबंधी घोर कठिनाई का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क का जीर्णोद्धार कार्य कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

## सड़क की मरम्मती

*112. <u>श्री गोपालजी ठाकुर</u>--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिलान्तर्गत बेहड़ी प्रखंड के नौडेगा चौक से कुशवाहा टोल होते हुये बहेड़ा-बहेड़ी पी०डब्लू०डी० सड़क तक जाने वाली सड़क की स्थिति विगत दो वर्षों से अत्यंत जर्जर रहने के कारण आवागमन ठप है, यदि हाँ, तो क्या सरकार जनहित में उक्त सड़क की मरम्मती कराकर आवागमन चालू कराने का विचार रखती है ?

---------

## गाईड वाल का निर्माण

*113. <u>श्री जनार्दन मांझी</u>--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बाँका जिलान्तर्गत इंगलिश मोड़ से असरगंज तक पथ निर्माण विभाग द्वारा निर्माण किया जा रहा है;

(2) क्या यह बात सही है कि इंगलिश मोड़ के दोनों किनारे विगत एक वर्ष से गाईड वाल का निर्माण हो रहा है जिसके किनारे किसानों द्वारा 250 एकड़ में सिंचाई किया जाता था, जो बन्द हो गया है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार नाली बनाकर गाईड वाल का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

## नाला का निर्माण

*114. <u>श्री ज्ञानचंद मांझी</u>--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सारण जिलान्तर्गत गड़खा बाजार से एन०एच० 102 गुजरती है, जिसमें दोनों तरफ नाला नहीं होने के कारण आम जनता को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो गड़खा चौक से क्यामुद्दीन के घर तक सड़क के दोनों किनारे जनहित में सरकार कबतक नाला बनवाना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

## बाँध का निर्माण

*115. <u>श्री मंजीत कुमार सिंह</u>--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिलान्तर्गत बैकुण्ठपुर प्रखंड में उसरी, पकहा, शितलपुर जमीन्दारी बाँध वर्ष 2007-08 में निर्माण हेतु प्राक्कलित राशि दो करोड़ की लागत से निविदा प्रकाशित की गई थी;

(2) क्या यह बात सही है कि बैकुण्ठपुर प्रखंड में स्थित उसरी, पकहा, शितलपुर जमीन्दारी बाँध के निर्माण नहीं होने से प्रति वर्ष बाढ़ के कारण खेत में लगे एक हजार एकड़ फसल का नुकसान होता है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उसरी, पकहा, शितलपुर जमीन्दारी बाँध का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

## पुल का निर्माण

*116. श्रीमती अमला देवी--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सुपौल जिलान्तर्गत त्रिवेणीगंज प्रखंड के पिलुवाहा पंचायत के लक्षमिनियाँ में विश्व बैंक के मदद से गरहारामपुर तक पक्की सड़क बना हुआ है;

(2) क्या यह बात सही है कि योगियाचाही नदी में पुल न होने के कारण सड़क की उपयोगिता नहीं हो पा रही है जिसके कारण आम जनता को आवाजाही में काफी कठिनाई होती है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त नदी में पुल बनाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

## चहारदीवारी का निर्माण

*117. श्री अमरेन्द्र कुमार पाण्डेय ''पप्पु''--क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिला के कुचायकोट प्रखंडान्तर्गत बखरी पंचायताधीन ग्राम-श्यामपुर मौजे में वर्ष 2012 में निर्मित सामुदायिक भवन में आँगनबाड़ी केन्द्र संचालित है, जिसकी चहारदीवारी नहीं होने से केन्द्र असुरक्षित है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सामुदायिक भवन के चहारदीवारी का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

## आवागमन सुचारु करना

*118. डॉ० फैयाज अहमद--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला के बिस्फी विधान-सभा क्षेत्रान्तर्गत बिस्फी-घाट भटरा सड़क पर शालीग्राम जी के घर एवं भरन टोला मोड़ के पास 1987 के प्रलयंकारी बाढ़ की विभिषिका में कटाव हो चुका था जिसपर पुल नहीं रहने से जल-जमाव के कारण बरसात में 9 महीना आवागमन अवरुद्ध रहता है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त क्षेत्र की बड़ी आबादी को प्रखंड मुख्यालय, जिसकी दूरी मात्र 2 कि०मी० है, प्रखंड मुख्यालय आने में 25/30 कि०मी० की दूरी तय करनी पड़ती है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त स्थल पर पुल निर्माण कराकर आवागमन की सुविधा प्रदान करने का विचार रखती है, यदि हाँ; तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

## दोषी पर कार्रवाई

*119. श्री प्रमोद कुमार--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला के मोतिहारी प्रखंड के कुआरी देवी चौक से सुरहां लोकनाथपुर, पी०डब्लू०डी० रूलही से एन०एच०आई० चन्द्रहीयां, पीपराकोठी प्रखंड के पीपराकोठी शिव मंदिर मठ गोपाल चौक, अखड़ मुशहरी टोला से मच्छहा मुशहरी टोला के सभी चारों प्रधान मंत्री योजनान्तर्गत पथ वर्ष 2009-10 से गुणवत्ताविहिन निर्माणाधीन है, यदि हाँ, तो संवेदक एवं इसके जिम्मेदार अधिकारी के विरुद्ध सरकार कबतक कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

## छिलका का निर्माण

*120. श्री जीतेन्द्र कुमार--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नालंदा जिलान्तर्गत अस्थावाँ एवं बिन्द प्रखंड के ग्राम-सदरपुर एवं बरहौता के पास कुम्हरी नदी पर छिलका बनाने हेतु सरकार ने वित्तीय वर्ष 2013-14 में निर्णय लिया है तथा बिन्द प्रखंड के ग्राम-विशुनपुर एवं मुफ्तीपुर के बीच गोइठवा नदी में ध्वस्त छिलका बनाने का निर्णय 2013-14 में लिया गया है लेकिन आजतक उक्त स्थानों पर छिलका का निर्माण नहीं किया जा सका है, यदि हाँ, तो इसका क्या औचित्य है तथा उक्त स्थानों पर सरकार कबतक छिलका का निर्माण कराने का विचार रखती है, और नहीं, तो क्यों ?

--------

## चहका का निर्माण

*121. श्री सुरेन्द्र प्रसाद सिन्हा--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिलान्तर्गत गुरुआ प्रखंड के परसाभा कला गाँव के कहाऔडी आहर में चहका का निर्माण नहीं होने से आम किसानों को सिंचाई में कठिनाई का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त आहर में कबतक चहका का निर्माण कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

## सड़क का निर्माण

*122. श्री रामदेव महतो--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला के पंडौल प्रखंड अंतर्गत पंडौल से रामपट्टी जाने वाली सड़क वर्ष, 2012 से पूरी तरह से जर्जर है एवं सड़क की चौड़ाई कम होने से आवागमन बाधित रहता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क का कबतक चौड़ीकरण कर मरम्मती कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

## पुल का निर्माण

*123. श्रीमती अमला देवी--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सुपौल जिलान्तर्गत त्रिवेणीगंज प्रखंड में मेला ग्राउंड से लेकर मचहा कुशहा तक प्रधानमंत्री योजना से सड़क बना हुआ है ;

(2) क्या यह बात सही है कि 2008 में आये बाढ़ से मचहा नदी में बना पुल ध्वस्त हो गया तथा इस पुल के न होने के कारण सड़क की उपयोगिता नहीं हो पा रही है, जिसके कारण आम जनता को आवाजाही में काफी कठिनाई होती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार मचहा नदी में पुल बनाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

सड़क का निर्माण

*124. श्रीमती सुनीता सिंह--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत बेलसण्ड प्रखंड के गोठवारा से मुजफ्फरपुर से सिरसिया, सिरोपट्टी-बलूरा भाया डोमरा, हसौर से दरियापुर तक पी0एम0जी0एस0 सड़क का निर्माण करने हेतु वित्तीय वर्ष, 2008-09 में संवेदक अरावली इन्फरा लिमिटेड को दिया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त सड़कों का निर्माण वर्ष, 2010 में पूरा होना था लेकिन अभीतक संवेदक द्वारा सड़क का निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं किया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त सड़कों का निर्माण नहीं करने वाले संवेदक पर कार्रवाई करते हुये उक्त सड़कों का निर्माण शीघ्र कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पुल बनाना

*125. श्री सुरेन्द्र प्रसाद सिन्हा-- क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिलान्तर्गत गुरारू प्रखंड के प्रा0 विद्यालय, अलिगंज के पास पईन में आर0सी0सी0 पुल नहीं रहने के कारण बच्चों को पढ़ाई करने के लिये विद्यालय जाने में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त स्थान पर कबतक आर0सी0सी0 पुल बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

मानदेय देना

*126. श्री राजकुमार राय--क्या मंत्री, पंचायती राज विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि त्रिस्तरीय पंचायत प्रतिनिधियों में जिला परिषद् सदस्यों एवं पंचायत समिति के सदस्यों को छोड़कर मुखिया, सरपंच, प्रमुख एवं जिला परिषद् अध्यक्ष, उप-मुखिया, उप-सरपंच को मानदेय भत्ता दिया जाता है ;

(2) क्या यह बात सही है कि मानदेय नहीं मिलने से निर्वाचित उक्त जनप्रतिनिधियों में क्षोभ व्याप्त है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार मानदेय से वंचित सदस्यों को मानदेय का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक और नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का जीर्णोद्धार

*127. श्री राज कुमार राय-- क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत हसनपुर प्रखंड के सरहचिया चौक से मंगलगढ़- दुधपुरा होते हुये देवधा तक सड़क विगत् 5 वर्षों से जर्जर है, जिसके कारण आम जनता को आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त सड़क का जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्युं ?

नाला का निर्माण

*128. श्री अमरेन्द्र कुमार पाण्डेय ''पप्पू''--क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिला के कुचायकोट प्रखंडान्तर्गत सिरिसियाँ पंचायताधीन ग्राम-बेहुआँ में श्री जितेन्द्र सिंह के दरवाजे से श्री महैल साव के घर के सन्निकट अवस्थित पोखरा तक नाला का निर्माण नहीं होने के चलते गंदा पानी गलियों में बिखराव के कारण ग्रामवासियों का जीवन नारकीय हो गया है, यदि हाँ, तो क्या सरकार पानी के बिखराव को रोकने हेतु जितेन्द्र सिंह के दरवाजे से उक्त पोखरा तक नाला का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------

सड़क का निर्माण

*129. श्री कन्हैया कुमार--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नवादा जिलान्तर्गत रजौली विधान-सभा के सिरदला प्रखंड अंतर्गत साँढ़-मझगाँवा पंचायत के बरदाहा से लेकर मोगाँय तक प्रधान मंत्री योजना से सड़क का निर्माण कार्य विगत तीन वर्षों से बंद है, जिससे उक्त क्षेत्र की जनता को आवागमन में काफी असुविधा होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क का निर्माण कबतक पूरा कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------

पथ का चौड़ीकरण

*130. श्री छोटे लाल राय--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सारण जिला अंतर्गत सोनपुर-दरिहारा-रेवाघाट पथ के चौड़ीकरण नहीं होने के कारण आवगमन में काफी कठिनाई होता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त पथ का चौड़ीकरण कराने का कबतक विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------

कटाव से बचाव

*131. श्री संजय सिंह टाइगर--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि --

(1) क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिलान्तर्गत उदवन्तनगर प्रखण्ड का अखियार ग्राम (बड़का गाँव) कुड़वा नदी के किनारे अवस्थित है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त नदी के कटाव के कारण गाँव में जाने वाली पक्की सड़क एवं महावीर मन्दिर सहित अनेकों मकानों के ध्वस्त होने का खतरा उत्पन्न हो गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार अखियार ग्राम में हो रहे कटाव को रोकने के लिये कौन-सी कार्रवाई करना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

नहर की सफाई

*132. श्री राम सेवक सिंह--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि छपरा जिला के हथुआ विधान-सभा क्षेत्र में नारायणपुर उप-वितरणी नहर की सफाई नहीं होने के कारण नहर के अन्तिम छोर तक पानी नहीं पहुँच रहा है जिसके कारण किसानों को अपने फसल की सिंचाई करने में काफी कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार नारायणपुर उप-वितरणी नहर तल की सफाई कराकर अन्तिम छोर तक पानी पहुँचाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

आवागमन बहाल करना

*133. श्रीमती मुन्नी देवी--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिलान्तर्गत गजराजगज-कल्याणपुर पथ पर आजादी के पूर्व का बना पुल क्षतिग्रस्त होने से आवागमन बाधित है एवं लोगों को जिला मुख्यालय जाने के लिये दोगुना दूरी तय करना पड़ता है ;

(2) क्या यह बात सही है कि राज्य कोर नेटवर्क में बिहीया प्रखंड में प्रथम प्राथमिकता में दर्ज रहने एवं कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, जगदीशपुर, भोजपुर द्वारा दिनांक 11 जुलाई, 2014 को नाबार्ड योजनान्तर्गत उक्त पुल को बनाने हेतु प्रस्ताव भेजा गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त पुल का निर्माण कराकर आवागमन चालू कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

पथ का जीर्णोद्धार

*134. श्री हरिनारायण सिंह--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिलान्तर्गत ग्रामीण कार्य प्रमण्डल, हरनौत के हरनौत प्रखण्ड अंतर्गत वेना-मोबारकपुर ग्रामीण कार्य पथ की लम्बाई लगभग 6 कि0मी0 है जो विगत बाढ़ के दौरान क्षतिग्रस्त हो गया है, यदि हाँ, तो सरकार उपरोक्त पथ का जीर्णोद्धार कबतक कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

------

ट्यूबवेल चालू करना

*135. श्रीमती मंजु कुमारी--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिला के कल्याणपुर प्रखण्ड के मधुरापुर टॉरा मिल्की, रमौली, माधोपुर, भुआल आदि ग्रामों के स्टेट ट्यूबवेल वर्ष 2009 में स्थापित किया गया है, परन्तु आजतक इसे चालू नहीं किया गया है, जिससे उक्त ग्रामों के किसानों को सिंचाई की सुविधा नहीं मिल पा रही है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त ग्रामों के स्टेट ट्यूबवेल को कबतक चालू कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

तटबंध का उच्चीकरण

*136. श्री अजय कुमार बुलगानीन--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि वैशाली जिला के महनार प्रखंड से होते हुये वाटरवेज नाला समस्तीपुर जिला में पटोरी प्रखंड के धमौन चौड़ होते हुये चकसाहो पंचायत के वाया नदी में मिलती है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त वाटरवेज नाला वैशाली, समस्तीपुर के सिमान, धमौन चौर से पटोरी प्रखंड के चकसाहो पंचायत के वाया नदी तक पूरी तरह मिट्टी से भर चुकी है तथा इसके दोनों तरफ का बाँध क्षतिग्रस्त है, स्लूईस गेट है, जिससे किसानों के हजारों एकड़ में लगी भदई फसल हर साल बर्बाद हो जाती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त नाले की उड़ाही, दोनों ओर तटबंधों का उच्चीकरण तथा स्लूईस गेट निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

पथ का जीर्णोद्धार

*137. श्री दिनेश कुमार सिंह--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिलान्तर्गत जगदीशपुर विधान-सभा के बिहिया-जगदीशपुर-पीरो पथ, आरा-मोहनियाँ पथ एवं आरा से पटना पथ विगत 8 वर्षों से जर्जर है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त पथों का जीर्णोद्धार कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

सड़क का निर्माण

*138. श्री अवधेश कुमार राय--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिलान्तर्गत बछवाड़ा प्रखंड स्थित बुधन चौक, बिशनपुर से कारी चौक तक सड़क का डी0 पी0 आर0 वित्तीय वर्ष 2013-14 में बन जाने के उपरान्त भी वर्तमान समय तक सड़क निर्माण का कार्य प्रारंभ नहीं किया गया है, तो क्या सरकार उक्त सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

सड़क का निर्माण

*139. श्री दिनेश प्रसाद--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिलान्तर्गत मीनापुर प्रखंड के स्टेट हाइवे चौक और अलीनैरा चौक से सहजपुर जाने वाली ग्रामीण सड़क जर्जर स्थिति में है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पथ के निर्माण हेतु तीन वर्ष पूर्व टेंडर निकाला गया था परंतु गलत एलायनमेंट होने के कारण इस सड़क का निर्माण नहीं हो सका और टेंडर को रद्द करना पड़ा ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

जाँच कराना

*140. श्री शिवजी राय--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला के तेतरिया प्रखण्ड अंतर्गत पुनास-लहलादपुर पथ पर बागमती नदी के छावन पर गत वर्ष 3 करोड़ की लागत से मानक के विरुद्ध कार्य कराया गया है, यदि हाँ, तो क्या सरकार कबतक इसकी जाँच कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

सेफ्टी टंकी का निर्माण

*141. श्री राजेश्वर राज--क्या मंत्री, भवन निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि राजधानी पटना अवस्थित अनुसचिवीय आवासीय कॉलोनी, गर्दनीबाग के रोड नं0 4ए, आवास सं0 16/सी, रोड नं0 14, आवास सं0 ए/1, बी-1, बी-3, बी-5, रोड नं0 13, आवास सं0 बी-7 एवं रोड नं0 3, आवास सं0 सी/22 में सेफ्टी टंकी नहीं होने से मल-मूत्र के खुली जगह में बहाव के कारण आवासियों सहित आमजन को संक्रमित बीमारियों से ग्रसित होने का खतरा हमेशा बना रहता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त आवासों में सेफ्टी टंकी का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पुल का निर्माण

*142. सुरेश कुमार शर्मा--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर शहर अंतर्गत राष्ट्रीय उच्च पथ एन0 एच0 28-भगवानपुर चौक से चाँदनी चौक के बीच रेलवे लाइन पर पुराना ऊपरगामी पुल की स्थिति अत्यंत जर्जर है, यदि हाँ, तो सरकार यथाशीघ्र वर्णित पुल का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पथ का निर्माण

*143. श्री कन्हैया कुमार--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नवादा जिलान्तर्गत रजौली विधान-सभा के सिरदला प्रखंड अंतर्गत सांढ, मझगांवां पंचायत के बरदाहा से लेकर परनाडाबर मोड़ तक प्रधान मंत्री सड़क योजना से सड़क का निर्माण होना था, परन्तु एक वर्ष से सड़क का निर्माण कार्य काफी धीमी गति से होने के कारण जनता को आवागमन में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त पथ का निर्माण कबतक पूरा कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

सड़क का पुनर्निर्माण

*144. श्रीमती पूनम देवी यादव--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि खगड़िया जिलान्तर्गत खगड़िया-बखरी पी0डब्लू0डी0 पथ का निर्माण कार्य वर्ष 2011 में हुआ है, जो जर्जर स्थिति में है एवं आमजनों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त सड़क का पुनर्निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

वीयर बनाना

*145. श्री जनार्दन मांझी--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बाँका जिलान्तर्गत शम्भूगंज प्रखंड के बडुआ नदी में सिलौटा वीयर नहीं रहने से किसानों को सिंचाई में काफी कठिनाई होती है ;

(2) क्या यह बात सही है कि प्रश्नकर्ता सदस्य द्वारा इस संबंध में स्थानीय प्रशासन का ध्यान दिनांक 12 फरवरी, 2013 को दिलाया गया था, परंतु आजतक इस दिशा में कोई कार्रवाई नहीं हुआ है जिसके कारण किसानों के सामने भुखमरी की समस्या उत्पन्न हो-गयी है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार बडुआ नदी पर सिलौटा वीयर बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पुल को विस्तारित करना

*146. श्री शालिग्राम यादव--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिला के रहुई प्रखंड अन्तर्गत ग्राम-रहीमपुर से गंजपर जाने वाली सम्पर्क पथ हेतु पंचाने नदी में निर्मित दुमुहिया पुल से नदी की धारा अवरोधित होने से तटबंध टूट जाने के कारण विगत 5 वर्षों से प्रखंडवासियों को बाढ़ की विभीषिका का दंश झेलना पड़ता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त पुल को चारमुहिया पुल में विस्तारित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क की मरम्मती

*147. श्री (मो0) तौसीफ आलम--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिले के बहादुरगंज प्रखंड अन्तर्गत सी0पी0डब्लू0डी0 सड़क तुलसिया मार्ग से तुलसिया हाट आर0ई0ओ0 सड़क तक मुख्य मंत्री सड़क योजना के तहत निर्मित सड़क की स्थिति जर्जर हो गयी है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क की कबतक मरम्मती करवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

नाला का जीर्णोद्धार

*148. श्री रणधीर कुमार सिंह--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सारण जिलान्तर्गत छपरा शहर की जल निकासी हेतु बना हुआ खनुआ नाला भर गया है जिसके कारण छपरा शहर में जल-जमाव की गंभीर समस्या है और बरसात में स्थिति बिल्कुल ही नारकीय हो जाती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त खनुआ नाला का जीर्णोद्धार कराकर जल निकासी कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------

स्लूईस गेट लगाना

*149. डॉ0 उषा विद्यार्थी--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पटना के पालीगंज प्रखंड के मुड़िका पंचायत में पटवन के लिये एक बहुत बड़ा आहर है जो सैर खजाना के नाम से जाना जाता है ;

(2) क्या यह बात सही है कि वित्तीय वर्ष 2012-13 में उक्त आहर की उड़ाही की गयी परन्तु उसमें एक भी स्लूईस गेट का निर्माण नहीं कराया गया जिससे पटवन बाधित हो रही है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त आहर (सैर खजाना) पर स्लूईस गेट बनाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------

तटबंध का निर्माण

*150. श्रीमती भागिरथी देवी--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बेतिया जिला के गौनाहा प्रखंडान्तर्गत बहने वाली गंगुली नदी से माह जुलाई, 2014 में तटबंध के कटाव के कारण ग्राम-शेरवा एवं मस्जिद्वा की नदी में विलुप्त होने के साथ ही हजारों एकड़ की फसल नष्ट हो गई है, यदि हाँ, तो क्या सरकार शेष बचे ग्रामों के नदी के कटाव से बचाने हेतु तटबंध निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------

पुल का निर्माण

*151. श्रीमती उषा सिन्हा--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिले के परवलपुर प्रखंड के ग्राम-गौरवनगर मिडिल स्कूल के निकट मुहाने नदी में पुल नहीं रहने से शंकरडीह, कदा, सीता बिगहा, शिवियत बिगहा, धनावाँ, गौरवनगर, हरप्रसाद बिगहा तथा बेलदारी आदि दस ग्रामों के निवासियों को आवागमन एवं कृषि कार्य में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार परवलपुर प्रखंड के गौरवनगर और बेलदारी के बीच मुहाने नदी में पुल का निर्माण कबतक कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

दोषी पर कार्रवाई

*152. श्री शिवजी राय क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिले के तेतरिया प्रखण्ड अंतर्गत सिमराहा ग्राम के बागमती नदी के नाला पर 3 करोड़ की लागत से मानक के विरुद्ध आर०सी०सी० पुल का निर्माण कार्य गत वर्ष सम्पन्न करा दिया गया है, यदि हाँ, तो क्या सरकार इसकी जाँच कराकर दोषी के विरुद्ध कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पथ का जीर्णोद्धार

*153. श्रीमती आशा देवी –क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि–

(1) क्या यह बात सही है कि पटना के दानापुर स्थित आर०पी०एस० पथ के अधीन महिला कॉलेज से शांतिपुरम तक जाने वाली पथ की स्थिति जर्जर हो गयी है ;

(2) क्या यह बात सही है कि प्रश्नकर्ता सदस्या ने उक्त पथ के जीर्णोद्धार हेतु दिनांक 1 जून, 2014 को विभाग को पत्र दिया था, जिसपर आजतक कोई कार्रवाई नहीं हो सकी है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त पथ का जीर्णोद्धार कराने का विचार कबतक रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

भवन का निर्माण

*154. श्रीमती सुनीता सिंह क्या मंत्री, पंचायती राज विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि–

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत बेलसंड प्रखंड के डुमरा पंचायत में पंचायत सरकार भवन (पंचायत भवन) नहीं है एवं यह नक्सल प्रभावित पंचायत है ;

(2) क्या यह बात सही है कि डुमरा पंचायत में 45 डी० सरकारी जमीन भी उपलब्ध है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार डुमरा पंचायत में पंचायत सरकार भवन (पंचायत भवन) का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

राशन कार्ड का वितरण

*155. श्री अवधेश सिंह क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि

(1) क्या यह बात सही है कि वैशाली जिलान्तर्गत हाजीपुर विधान-सभा क्षेत्र में बी०पी०एल० एवं ए०पी०एल० परिवारों को वर्ष 2013 में राशन कार्ड बनाने की योजना शुरू किया गया था ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त योजनान्तर्गत मात्र 50 (पचास) प्रतिशत बी०पी०एल०/ए०पी०एल० परिवारों को राशन कार्ड बनाया गया और शेष परिवारों का राशन कार्ड अभीतक नहीं बनाया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार हाजीपुर विधान सभा क्षेत्र के शेष बचे हुये परिवारों को राशन कार्ड का वितरण करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

सिंचाई उपलब्ध कराना

*156. श्रीमती रश्मि वर्मा क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि

(1) क्या यह बात सही है कि पश्चिमी चम्पारण जिले के नरकटियागंज प्रखंड के ग्राम देवराज से सिकटा, रमौली, धोबनी, सिसई, सुगौली इत्यादि गाँवों के खेतों में विगत दस वर्षों से चार वर्ष पूर्व तक नहर को पानी से सिंचाई होती रही है ;

(2) क्या यह बात सही है कि अब नहर का पानी बन्द हो जाने के कारण हजारों एकड़ खेत पानी के अभाव में सूख जाते हैं जिससे किसानों को आर्थिक नुकसान उठाने पर विवश होना पड़ रहा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार बन्द पड़े नहर को पुनः चालू कराकर किसानों को पानी उपलब्ध कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

पथ का निर्माण

*157. श्री हरिनारायण सिंह क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिलान्तर्गत ग्रामीण कार्य प्रमंडल, हरनौत के चण्डी प्रखंड अंतर्गत चण्डी-बदरबाली ग्रामीण कार्य पथ से ग्राम-कोरूत, एन०एच० 30 ए० के धरमपुर-सिन्दुआरा ग्रामीण कार्य पथ के ग्राम-हासनचक से ग्राम रसा, नगरनौसा प्रखंड के नगरनौसा-कल्याणबिगहा पी०डब्लू०डी० पथ से ग्राम भुतहाखार, नगरनौसा डीयावाँ ग्रामीण कार्य पथ से ग्राम लतीपुर, नगमाँ प्रधान मंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत आता है, जो जर्जर स्थिति में है, यदि हाँ, तो सरकार आवागमन का ख्याल करते हुये उपरोक्त पथों का निर्माण कबतक कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

दोषी पर कार्रवाई

*158. श्री इजहार अहमद स्थानीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र में दिनांक 21 सितम्बर, 2014 को प्रकाशित शीर्षक ''नाम किसी का भुगतान किसी को ''ध्यान में रखते हुये क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिलान्तर्गत बेनीपुर प्रखंड के देवराम अमैठी पंचायत के रामनगर निवासी मो० इसराफिल नदाफ की पत्नी रहमती खातून ने स्थानीय बी०डी०ओ० को वर्ष 2010 में अपने आवेदन में कहा है कि रहमती खातून का बी०पी०एल० क्रमांक 779/2010 दर्ज है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त दर्ज आवेदन में उन्हें 12 अंक है, लेकिन पंचायत सचिव पवन पासवान ने इसमें हेरा फेरी करते हुये बी०पी०एल० क्रमांक के आधार पर गाँव की जैनुननिशा महिला को उक्त योजना का आवास का भुगतान उक्त अवधि में दे दिया है तथा उक्त पंचायत के मुखिया ने भी इस आशय की पुष्टि की है तथा बी०डी०ओ० ने भी जाँच के क्रम में सही पाया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार रहमती खातून को आवास का भुगतान अभीतक नहीं किये जाने का क्या औचित्य है तथा संबंधित पंचायत सचिव पर सरकार कबतक कार्रवाई करने का विचार रखती है ?

सड़क का निर्माण

*159. श्री राजेश सिंह क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि

(1) क्या यह बात सही है कि प० चम्पारण जिलान्तर्गत धनहा प्रखंड में दिनांक 26 नवम्बर, 2013 को सरकार द्वारा धनहा से तमकुहाँ होकर उत्तर प्रदेश की सीमा के बासी एन०एच० तक सड़क बनाने की घोषणा की गयी थी ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त घोषणा के आलोक में उक्त सड़क का निर्माण अभीतक शुरू नहीं किया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो उक्त सड़क का निर्माण कार्य शुरू नहीं होने का क्या औचित्य है ?

कटाव से बचाव

*160. श्री मनोहर प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि अगस्त, 2014 में कटिहार जिला के मनिहारी प्रखण्ड अंतर्गत बौलिया दियारा के 20 घर और नवम्बर, 2014 में कृष्णनगर केवाला के 12 घर गंगा नदी के कटाव में विलीन हो गये ;

(2) क्या यह बात सही है कि प्रश्नकर्ता सदस्य ने अपने पत्रांक 20, दिनांक 2 मार्च, 2014 द्वारा इसकी सूचना जिला पदाधिकारी, कटिहार, प्रधान सचिव, जल संसाधन विभाग, पटना, आयुक्त, पूर्णियाँ, मुख्य अभियंता, बाढ़ नियंत्रण, पूर्णियाँ, कार्यपालक अभियंता, बाढ़ नियंत्रण प्रमंडल, काढ़ागोला को दी थी ;

(3) क्या यह बात सही है कि उक्त प्रखण्ड के कृष्णनगर केवाला, महेशपुर, बैजनाथपुर, बाघमारा, अवधपुर गाँव पर गंगा नदी के कटाव का खतरा मंडरा रहा है ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त स्थल पर कटाव निरोधी कार्य करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक और नहीं, तो क्यों ?

-------

नलकूप को चालू करना

*161. श्री मंजीत कुमार सिंह--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिले के बरौली प्रखंड में स्थित सिकटीयाँ (रामपुर), सलेमपुर पूर्वी (बधवार), खजूरिया (1), खजुरिया (2) हलुआड़, बैकुण्ठपुर प्रखंड के फैजुल्लाहपुर, गम्हारी, आजवीनगर, खजुहट्टी, हमीदपुर, खैराआजम, मटियारिया, सफियाबाद, मंगलपुर (1), मंगलपुर (2) एवं सिंधवलिया प्रखंड के बखरौर, विशुनपुरा, हिम्मतपुर, जलालपुर, जलालपुर कूर्मी टोला, महम्मदपुर, काशीटेंगराही, कटैया टोला में लाखों की लागत से बने नलकूप यांत्रिक दोष और पोल, तार, कन्डक्टर एवं ट्रांसफॉर्मर की कमी के कारण विगत 10 वर्षों से बन्द है, जिससे 2175 हेक्टेयर भूमि की सिंचाई नहीं हो पा रही है, यदि हाँ, तो सरकार बन्द पड़े नलकूपों को कबतक चालू करने का विचार रखती है ?

------

सड़क का निर्माण

*162. श्रीमती नीता चौधरी--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुंगेर जिला के असरगंज प्रखण्ड अंतर्गत ग्राम चोरगाँव के मध्य विद्यालय, पुरूषोत्तमपुर से लौरिया पुल तक सड़क नहीं है, जिससे आवागमन बाधित रहता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क का कबतक निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------

पुल का निर्माण

*163. श्री पद्म पराग राय 'वेणु'--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिलान्तर्गत फारबिसगंज प्रखण्ड के अमहरा पंचायत के बाघमारा गाँव के उत्तर सिंघिया नदी के डगराहा घाट पर आर०सी०सी० पुल नहीं है, यदि हाँ, तो सरकार डगराहा घाट पर आर०सी०सी० पुल का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

## सड़क का निर्माण

*164. श्रीमती वीणा देवी--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिला के गायघाट प्रखंड एन0एच0 57 जारंग चौक से हरि सिंह के भट्ठा होते हुये महेन्द्र राय के घर तक सड़क 5 वर्षों से जर्जर है, जिससे वहाँ के जनता को काफी कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क का निर्माण कार्य कबतक कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

------

## पथ का निर्माण

*165. श्री जितेन्द्र कुमार--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नालंदा जिलान्तर्गत सरमेरा प्रखंड के ग्राम-हुसैना की आबादी तीन हजार है, लेकिन विभागीय पदाधिकारियों की भूलवश उक्त गाँव की आबादी मात्र 900 दर्शाने की वजह से उक्त ग्राम में प्रधान मंत्री ग्रामीण सड़क योजना का कार्य नहीं हो सका है, यदि हाँ, तो सरकार इसकी उच्चस्तरीय जाँच कराते हुये पथ का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है और नहीं, तो क्यों ?

## योजना को स्वीकृति देना

*166. श्री प्रदीप कुमार--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बिहार सरकार की नदी जोड़ योजनान्तर्गत नवादा जिला में सकरी नदी को नाटा नदी से जोड़ने वाली योजना का वर्ष 2013-14 में इन्टीग्रेटेड हाइडो डेवलपमेंट फोरम, पटना द्वारा विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन (डी0पी0आर0) तैयार किया गया है, परन्तु स्वीकृति लम्बित है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त योजना से नवादा जिला के रोह, पकरीबरावाँ, वारिसलीगंज, अकबरपुर, काशीचक सहित शेखपुरा जिला के अरियरी तथा चेवाड़ा प्रखंडों को 5,000 एकड़ से अधिक कृषि योग्य भूमि सिंचित करने का लक्ष्य है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त योजना की स्वीकृति करवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

## पुल का निर्माण

*167. श्री उमाकान्त यादव--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत नेपाल बोर्डर के भवुआ के पास कमला नदी पर पुल नहीं है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त स्थान पर पुल निर्माण होने से लक्ष्मियाँ एवं मधुबनी के बीच की दूरी 30 कि0मी0 कम हो जाती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त स्थान पर पुल का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

पथ का निर्माण

*168. श्री रणधीर कुमार सिंह--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सारण जिलान्तर्गत छपरा-सतरघाट पथ तथा चेतनछपरा से नगरा जाने वाली पथ जर्जर है ;

(2) क्या यह बात सही है कि छपरा-सतरघाट पथ का तीन बार टेंडर होने के बावजूद निर्माण नहीं हो सका है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त दोनों पथों का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

आवागमन बहाल करना

*169. श्री संजय सिंह टाइगर--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिला के सकड्डी से रोहतास जिला के नासरीगंज तक जाने वाली निर्माणाधीन स्टेट हाइवे के बीच सकड्डी से संदेश तक सड़क के बीच में अत्यधिक गड्ढा होने तथा क्षतिग्रस्त रहने के कारण आवागमन बाधित है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क को आवागमन योग्य कबतक बनाने का विचार रखती है ?

--------

कार्य पूर्ण करना

*170. श्री सुरेश कुमार शर्मा--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर शहर अंतर्गत अतिमहत्वपूर्ण सड़क माड़ीपुर बटलर चौक से अघोरिया बाजार होते हुये भाया मिठनपुरा-नारायणपुर-दिघरा एन०एच० 28 तक जाने वाली सड़क का अधिग्रहण वर्ष 2013 में विभाग द्वारा किया गया था ;

(2) क्या यह बात सही है कि अधिग्रहण के उपरान्त विभाग द्वारा सड़क निर्माण हेतु संवेदक को कार्यादेश भी दे दिया गया तथा उक्त कार्यादेश में जनवरी, 2014 तक कार्य पूर्ण करने संबंधी निदेश है परन्तु 2 वर्ष बीतने के उपरान्त भी अभीतक 50 प्रतिशत कार्य पूर्ण नहीं हो सका है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त पथ का निर्माण कार्य पूर्ण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

फाटक का निर्माण

*171. श्री रामावतार पासवान--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत अंधराठाढ़ी प्रखंडान्तर्गत पलार गाँव के

सुगरबे नदी में स्लूईस गेट बनकर 2 वर्षों से तैयार है ;

(2) क्या यह बात सही है कि पलाग गाँव के सुगरबे नदी पर फाटक नहीं रहने के कारण 20 हजार किसानों की भूमि पर सिंचाई कार्य नहीं हो रहा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त स्थान पर फाटक का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------

सड़क की मरम्मती

*172. श्री गोपालजी ठाकुर--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिलान्तर्गत बहेड़ी प्रखंड के कमार पोखर चौक से पड़री-साहो होते हुये पोखराम-सिसौनी तक जाने वाली सड़क का निर्माण 4 वर्ष पूर्व सी0 पी0 डब्लू0 डी0 एजेंसी द्वारा कराया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि 4 वर्ष में उक्त सड़क की मरम्मती नहीं होने के कारण उसकी स्थिति अत्यंत जर्जर हो गयी है जिससे आवागमन बाधित रहता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त सड़क की मरम्मती कबतक कराने का विचार रखती है ?

--------

सड़क का जीर्णोद्धार

*173. श्री अवधेश कुमार राय--क्या क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिलान्तर्गत बछवाड़ी स्थित चमथा गोप टोल चमरटोली सड़क करीब 105 किलो मीटर 5 वर्ष से जर्जर अवस्था में रहने के कारण आम-अवाम को यातायात में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क का जीर्णोद्धार कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पथ की मरम्मती

*174. श्री मुजाहिद आलम--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिले में कोचाधामन प्रखंड में चौपड़ाबखारी से बिशनपुर सड़क काफी जर्जर अवस्था में है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त पथ के मरम्मतीकरण का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

नलकूप चालू करना

*175. श्री निरंजन राम--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मोहनिया विधान-सभा में कुल नलकूपों की संख्या 170 है जिसमें 90 नलकूप ही कार्यरत है शेष 80 नलकूप बन्द है जिस कारण उक्त क्षेत्र की भूमि सिंचाई से वंचित है ; यदि हाँ, तो सरकार बन्द नलकूपों को कबतक चालू कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पथ का जीर्णोद्धार

*176. श्री रामचन्द्र सहनी--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि जिला पूर्वी चम्पारण अन्तर्गत प्रखण्ड रामगढ़वा में विभाग के नियंत्रणाधीन सड़क नीकठवा पुल से उच्च विद्यालय, रामगढ़वा होते हुये एन०एच० 28 ए० तक (लम्बाई लगभग 1.5 कि०मी०) सड़क की स्थिति अत्यंत जर्जर है जिससे प्रखण्ड मुख्यालय, उच्च विद्यालय तथा रेलवे स्टेशन तक आवागमन में ग्रामीणजनों को कष्ट का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त पथ का जीर्णोद्धार कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

नाला का निर्माण

*177. श्री ज्ञानचंद मांझी--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सारण जिला अन्तर्गत गड़खा प्रखण्ड के गड़खा चौक तक जो मानपुर पैगम्बरपुर पथ, गड़खा चौक से श्री विजय साह के चुड़ा मिल तक रोड दोनों तरफ नाला का निर्माण नहीं होने से रोड खराब हो जाता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार रोड के दोनों किनारे पर कबतक नाला निर्माण करवाना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

---

आवागमन बहाल करना

*178. श्री विनोद कुमार सिंह--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिलान्तर्गत शरीफगंज, कृत्तनगर से बड़ी बथना छोटी, बथना होते हुये कौआबाड़ी तक जानेवाली सड़क अत्यंत जर्जर होने के कारण आवागमन बाधित है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क की मरम्मती कबतक कराकर आवागमन बहाल कराने का विचार रखती है ?

---

पुल का निर्माण

*179. श्रीमती रश्मि वर्मा--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पश्चिम चम्पारण जिला के रामनगर से नरकटियागंज होते हुये जो सड़क बेतिया जिला मुख्यालय जाती है, एक प्रमुख मार्ग है, इस सड़क पर नरकटियागंज से सटे पश्चिम हड़बोड़ा नदी (धूमनगर) पर बना पुल एकदम जर्जर हालत में है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त जर्जर पुल का निर्माण एवं चौड़ीकरण का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

नाला का निर्माण

*180. श्री अवधेश सिंह--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पटना जिला के फुलवारी प्रखण्ड के अन्तर्गत कुरथौल पंचायत के विशुनपुर, पकड़ी गाँव जो पटना बाईपास से लगा हुआ है, आजतक मूलभूत सुविधाओं से वंचित है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त गाँव में बी०पी०सी०एल० रोड 70 फीट से लेकर अजय भवन, रवि यादव, आई०डी० राम, मोती डोम, मनोज सरपंच एवं बबलु यादव के घर होते हुये इंडियन ऑयल के बॉन्ड्रीवॉल (लम्बाई लगभग 800 फीट) रोड की चौड़ाई 16 फीट है, बरसात में डूबा रहता है, जिससे आम जनता को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार खण्ड (2) में वर्णित स्थान पर नाला का निर्माण कराना चाहती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

प्रमाण-पत्र जमा नहीं करने का औचित्य

*181. श्री अरूण शंकर प्रसाद--स्थानीय हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 23 अक्तूबर, 2014 को प्रकाशित शीर्षक "दस दिनों में देना है 6330 करोड़ का हिसाब" को ध्यान में रखते हुये क्या मंत्री, पंचायती राज विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि वर्ष 2002-03 से 2012-13 के बीच विभाग की ओर से राज्य के जिला परिषदों को सहायक अनुदान के रूप में प्राप्त राशि में से 6330 करोड़ रुपये का अभीतक उपयोगिता प्रमाण-पत्र जमा नहीं किया गया है, जिसमें बी०आर०जी०एफ० का 1724.43 करोड़, 13वाँ वित्त आयोग 1982.37 करोड़, 12वाँ वित्त आयोग का 1549.05 करोड़ एवं चौथा राज्य वित्त आयोग का 1073.69 करोड़ रुपये शामिल है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो अभीतक उक्त राशि का उपयोगिता प्रमाण-पत्र नहीं जमा करने का क्या औचित्य है ?

---------

सड़क की मरम्मती

*182. डॉ० इजहार अहमद--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिलान्तर्गत बिरौल अनुमण्डल के गौड़ा बौराम, किरतपुर एवं बिरौल प्रखण्ड में वर्ष 2014 में आई भीषण बाढ़ एवं अत्यधिक वृष्टि से क्षतिग्रस्त सड़क की मरम्मती हेतु कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, बिरौल ने पत्रांक 644, दिनांक 11 सितम्बर, 2014 द्वारा जिला पदाधिकारी, दरभंगा को लिखा है;

(2) क्या यह बात सही है कि जिला पदाधिकारी, दरभंगा ने अपने पत्रांक 270, दिनांक 14 सितम्बर, 2014 द्वारा सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग को 26 क्षतिग्रस्त सड़कों की यथाशीघ्र मरम्मती हेतु प्राक्कलन के साथ स्वीकृति हेतु भेजा है तथा कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल विभाग, बिरौल ने अपने पत्रांक 587, दिनांक 30 अगस्त, 2014 द्वारा मुख्य अभियंता III, ग्रामीण कार्य विभाग एवं सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना को भेजा है, जिसकी स्वीकृति आजतक नहीं हो पायी है, जिससे वहाँ के आम नागरिकों को परेशानियाँ हो रही है;

(3) यदि उपरोक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो इसका क्या औचित्य है ?

---------

नलकूप चालू करना

*183. श्री रामनरेश प्रसाद यादव--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सोनबरसा एवं परिहार प्रखण्ड अन्तर्गत नबार्ड फेज II के अधीन 41 नलकूप लगाये गये हैं, जो अबतक चालू नहीं हुआ है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उपरोक्त नलकूपों को कबतक चालू कर किसानों के खेतों में पानी पहुँचाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

सड़क का निर्माण

*184. श्री (मो0) आफाक आलम--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिलान्तर्गत कसबा प्रखण्ड संझौली पंचायत के कदबा गाँव के एकबाल चौक से वाहिद के घर होते हुये संझौली तक सड़क कच्ची है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त सड़क निर्माण हेतु एक वर्ष पूर्व नापी कार्य किया गया लेकिन आजतक सड़क का निर्माण कार्य शुरू नहीं किया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त सड़क का निर्माण कार्य शुरू कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

तटबंध की मरम्मती

*185. श्री बीरेन्द्र कुमार सिंह--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिलान्तर्गत पटना कैनाल के चन्दा लाइन में बरौली से धनगाई ग्राम तक नहर के दोनों तरफ का तटबंध ध्वस्त हो गया है, जिससे सैकड़ों एकड़ में सिंचाई का कार्य बाधित है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त तटबंध की मरम्मती कबतक करवाने का विचार रखती है ?

---

परियोजना पूर्ण कराना

*186. श्री निरंजन राम--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि कैमूर जिला अन्तर्गत उसरी माइनर नहर को जिसको एन0 एच0 2 (जी0 टी0 रोड) से दक्षिण होते हुये उसरी, पिपरियाँ होकर नदी तक जाने का प्रावधान है, का कार्य अधूरा है और यह माइनर मुठानी रेलवे पुल के पास ही तक निर्माण हो पाया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि शेष कार्य का दो बार सर्वे हो चुका है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त परियोजना को पूर्ण कराने का विचार रखती है और नहीं, तो क्यों ?

---

पी0 सी0 सी0 करना

*187. श्री विक्रम कुँवर--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पटना जिला के दानापुर प्रखण्डान्तर्गत नवरतनपुर मुसहरटोली (ट्रांसफॉर्मर) से पश्चिम उमेश प्रसाद के मकान से मंगल दास के मकान तक जिसकी लंबाई 50 (पचास) मीटर एवं चौड़ाई 4 (चार) मीटर है, कच्ची पथ होने के कारण नाली का गंदा पानी पथ पर भरे रहने से आम जनता को आने-जाने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त पथ का पी0 सी0 सी0 ढलाई नाली सहित कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पथ का निर्माण

*188. श्री जवाहर प्रसाद--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि रोहतास जिला के उग्रवाद प्रभावित तिलौथु प्रखण्ड के चन्दनपुरा पथ से लोहराडीह गाँव तक आजादी के बाद से आजतक पथ का निर्माण नहीं हो सका है, जिससे आवागमन बाधित रहता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त पथ का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

रैन बसेरा का निर्माण

*189. श्री (मो0) तौसीफ आलम--क्या मंत्री, भवन निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिले के प्रखण्ड बहादुरगंज के लोहागाड़ा में पूर्व में निर्माण किये गये व्यापारिक हाट हेतु रैन बसेरा अबतक अधूरा पड़ा है, यदि हाँ, तो सरकार ऐसे कार्य एजेंसी के विरुद्ध कबतक कार्रवाई करने एवं अधूरे पड़े रैन बसेरा को पूर्ण करवाने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों ?

---

भवन बनाना

*190. श्री सचीन्द्र प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला के संग्रामपुर तथा कौरवा प्रखंड को अपना प्रखंड कार्यालय भवन नहीं होने से पदाधिकारी, कर्मियों सहित आम लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त प्रखंडों में प्रखंड भवन बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

गेस्ट हाउस का निर्माण

*191. श्रीमती (प्रो0) उषा सिन्हा--क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिला अन्तर्गत हिलसा अनुमण्डल मुख्यालय में कोई सरकारी निरीक्षण भवन (गेस्ट हाउस) नहीं है तथा पूर्व से एक डाक बंगला है जिसमें मात्र दो कमरे हैं;

(2) क्या यह बात सही है कि अनुमण्डल मुख्यालय होने के कारण अधिकारियों एवं मुख्य विशिष्ट अतिथियों का प्राय: यहाँ आवागमन होते रहता है तथा गेस्ट हाउस के अभाव में ठहरने में काफी परेशानी होती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार हिलसा अनुमण्डल मुख्यालय स्थित डाक बंगला का विस्तारीकरण अथवा नया गेस्ट हाउस बनाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

दोषी पर कार्रवाई

*192. श्री सुबोध राय--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि विगत तीन वर्षों में राज्य में कुल 350 खराब पड़े नलकूपों को चालू कराने के लिये राशि का आवंटन किया गया;

(2) क्या यह बात सही है कि भागलपुर, बाँका जिला सहित राज्य के सभी जिलों में उक्त बन्द पड़े नलकूपों की मरम्मती हो जाने के नाम पर राशि का उठाव विगत एक वर्ष पूर्व ही कर लिया गया है लेकिन ये नलकूप आज भी खराब है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार सुलतानगंज प्रखंड सहित उक्त बंद पड़े नलकूपों को चालू कराने एवं मरम्मती के नाम पर राशि का उठाव करने वाले दोषी पदाधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

पुल का निर्माण

*193. श्री तारकिशोर प्रसाद--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि कटिहार नगर में पूर्णियाँ, कटिहार, मनिहारी, अहमदाबाद राष्ट्रीय उच्च पथ सं० 131ए में कटिहार, बरौनी रेल खंड पर लेवल क्रॉसिंग सं० के०बी०-1बी० पर सड़क, ऊपरी पुल निर्माण कार्य अभीतक प्रारंभ नहीं हुआ है;

(2) क्या यह बात सही है कि रेलवे बोर्ड ने पिंक बुक अन्तर्गत आइटम सं० 84 वित्तीय त्र्ष 2013-14 के द्वारा कुल लागत राशि का 50 प्रतिशत वहन करने का निर्णय लिया है;

(3) क्या यह बात सही है कि सड़क, ऊपरी पुल के निर्माण नहीं होने से उक्त रेल गुमटी पर जाम की स्थिति बनी रहती है एवं आवागमन बाधित रहता है;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक रेल के सहयोग से उक्त सड़क, ऊपरी पुल का निर्माण कराने का इरादा रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

नलकूप चालू करना

*194. डॉ० उषा विद्यार्थी--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पटना जिलान्तर्गत पालीगंज विधान-सभा क्षेत्र असिंचित क्षेत्र है;

(2) क्या यह बात सही है कि खंड (1) में वर्णित क्षेत्र में सभी सरकारी नलकूप पिछले चार वर्षों से बंद है जिससे सिंचाई कार्य बाधित हो रही है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त बंद पड़े नलकूपों को चालू कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

पुल का जीर्णोद्धार

*195. श्री (मो०) आफाक आलम--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिलान्तर्गत कसबा प्रखंड के कॉलेज चौक से पूरब कोसी धार में

बना पुल विगत तीन वर्षों से जर्जर हो गया है जिसके कारण आवागमन ठप पड़ा हुआ है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त पुल का जीर्णोद्धार कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

सड़क की मरम्मती

*196. श्री प्रेम रंजन पटेल--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि एन०एच० 80, रामपुर से प०नि०व० सड़क लाखोचक तक सड़क जर्जर होने के कारण स्थानीय लोगों को आवागमन में काफी कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार एन०एच० 80, रामपुर से प०नि०व० पथ लाखोचक तक सड़क का कबतक निर्माण व मरम्मती कराने का विचार सरकार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

सड़क बनाना

*197. श्री [illegible]--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि [illegible] जिला के [illegible] प्रखंड अंतर्गत अयोध्याबाड़ी रेलवे गुमटी से लाखो [illegible] होते हुये एन०एच० तक की सड़क जर्जर हो चुकी है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त सड़क को बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

सड़क बनाना

*198. श्री अम्बिका सिंह--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है दि कैमूर जिलान्तर्गत दुर्गावती प्रखंड में बिछियां गाँव के मेन सड़क से असुढ़ा गाँव तक सड़क की स्थिति काफी जर्जर एवं दयनीय है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त गाँव के ग्रामीण जनता को बरसात के दिनों में आने-जाने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त गाँव का सड़क बनाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

स्लूईस गेट का निर्माण

*199. श्रीमती भागीरथी देवी--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बेतिया जिला के गौनाहा प्रखंडान्तर्गत ग्राम-डडरौल से बहने वाली दौन कैनाल में ग्राम-भटहवा टोला में स्लूईस गेट नहीं होने के चलते प्रत्येक वर्ष डडरौल पंचायत के किसानों को काफी असुविधा होती है;

(2) क्या यह बात सही है कि प्रश्नकर्ता सदस्य द्वारा भटहवा टोला में स्लूईस गेट बनाने हेतु विभागीय प्रधान सचिव को अप्रैल, 2012, दिसम्बर, 2012, नवम्बर, 2013 एवं जून, 2014 में लिखित अनुरोध किये जाने के बावजूद अबतक कोई कार्रवाई नहीं हुई है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त ग्राम में स्लूईस गेट का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

## पथ की मरम्मती

*200. श्री सदानन्द सिंह--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिला के सन्हौला प्रखण्डान्तर्गत साहूपाड़ा से सिलहन-खजुरिया होते हुये ग्राम-बेलडीहा जाने वाली प्रधान मंत्री सड़क जो ग्राम-सिलहन के पास से निकलने वाली सिलहन तिलकपुर चिराथारी होते हुये गोलका नदी तक जाने वाली पथ की स्थिति अत्यंत जर्जर है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त पथ की मरम्मती कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

## पथ बनाना

*201. श्री विनय कुमार सिंह--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सारण जिला के एन०एच० 19 में सीतलपुर बाजार से पीरगंज तक जाने वाली सड़क बिल्कुल जर्जर हो गया है, जिससे आवागमन बाधित रहता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त जर्जर पथ को कबतक बनवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

## बोल्डर पिचिंग कराना

*202. श्री सत्यदेव सिंह--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि अरवल जिलान्तर्गत कुर्था विधान-सभा क्षेत्र के वंशी प्रखंड के ग्राम सिद्धरामपुर के पास करीब 4 करोड़ की लागत से उच्चस्तरीय पुल का निर्माण ग्रामीण कार्य विभाग द्वारा वित्तीय वर्ष 2012-13 में कराया गया है जिसमें बोल्डर पिचिंग का कार्य नहीं हुआ है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पुल में बोल्डर पिचिंग का कार्य नहीं होने से बाढ़ का पानी से पहुँच पथों का मिट्टी बह जाने का खतरा है और पुल भी क्षतिग्रस्त हो सकता है ;

(3) क्या यह बात सही है कि बोल्डर पिचिंग को कार्यपालक अभियंता, अधीक्षण अभियंता एवं मुख्य अभियंता मुख्यालय ने जाँचोपरान्त जरूरी बताया है पर अभियंता प्रमुख ने बोल्डर पिचिंग की स्वीकृति नहीं दिया है ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त पुल को क्षतिग्रस्त होने एवं पहुँच पथों का मिट्टी बहने से बचाने हेतु बोल्डर पिचिंग का कार्य कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

## सड़क का निर्माण

*203. श्रीमती नीता चौधरी--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुंगेर जिला के संग्रामपुर प्रखण्ड अंतर्गत कटियारी मुख्य पथ से उच्च विद्यालय, कटियारी तक सम्पर्क सड़क नहीं है जिससे आवागमन बाधित रहता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क का कबतक निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पुल बनाना

*204. श्री मुजाहिद आलम : क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिले के किशनगंज प्रखण्ड अंतर्गत बेलवा पंचायत के चीलमारी गाँव में पुल नहीं रहने के कारण लोगों को आवाजाही में काफी कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त स्थल पर कबतक पुल बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

सड़क की मरम्मती

*205. श्री रामनारायण मंडल : क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भागलपुर हंसडीहा मुख्य सड़क मार्ग गड्ढे में तब्दील हो जाने की वजह से आये दिन दुर्घटना घटती रहती है और आमजनों एवं यात्रियों को काफी कठिनाई का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त सड़क मार्ग की विशेष मरम्मती कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

बाइपास सड़क बनाना

*206. श्री रामनारायण मण्डल : क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बाँका शहर में बाँका पुरानी बस स्टैण्ड से गाँधी चौक बाँका मुख्य सड़क मार्ग गाड़ियों के आवागमन के कारण बराबर घंटों जाम रहता है जिससे यात्रियों को काफी कठिनाई का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक बाँका शहर में बाइपास सड़क बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

सड़क बनाना

*207. श्री ललित कुमार यादव : क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिलान्तर्गत सदर प्रखंड के गौसा घाट से गैरपुर, लोआम तक सड़क 6 महीना पूर्व बना है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त सड़क में उमडीहा, गैरपुर चौक तक दो किलो मीटर सड़क नहीं बना है तथा जर्जर स्थिति में है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार अमडीहा, गैरपुर चौक तक सड़क कबतक बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

जल-जमाव से मुक्ति

*208. श्रीमती सुजाता देवी--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सुपौल जिलान्तर्गत पिपरा प्रखंड के ग्राम पंचायत दुबियाही, ग्राम-लालपुर चौर का एक सौ एकड़ जमीन में छः माह जल-जमाव रहने से फसल नहीं उगता है, जिससे किसानों को काफी क्षति हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार जमीन को जल-जमाव से मुक्त करने के लिये कौन-सा उपाय करने का विचार रखती है ?

-----------

विभाग को अधिगृहित करना

*209. श्रीमती आशा देवी--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि कार्यपालक अभियंता, पटना पश्चिम, पथ प्रमण्डल, पथ निर्माण विभाग, आर0 ब्लॉक, पटना ने अपने पत्रांक 2133, दिनांक 1 जून, 2014 के द्वारा पटना के दानापुर स्थित आर0 पी0 एस0 मोड़ (बेली रोड) से महिला कॉलेज, शांतिपुरम तक विस्तारित करते हुये ट्रेनिंग कॉलेज, अभियंत्रण कॉलेज होते हुये लेखानगर पथ तक 3 कि0 मी0 पथ निर्माण विभाग में लेने हेतु जिला पदाधिकारी, पटना को पत्र लिखा है;

(2) क्या यह बात सही है कि जिला पदाधिकारी, पटना के कार्यालय में आयोजित समीक्षात्मक बैठक में उक्त पथ को पथ निर्माण विभाग में अधिगृहित करने का निर्णय 6 माह पूर्व लिया गया था;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त पथ को पथ निर्माण विभाग में अधिगृहित करने का विचार कबतक रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-----------

सड़क का निर्माण

*210. श्री दिनेश कुमार सिंह--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिलान्तर्गत जगदीशपुर विधान-सभा क्षेत्र के अज्ञाव से कटरिया सड़क, सोनवर्षा कलियाँ स्थान से अज्ञाव बाजार, जितौरा से जमुआ सड़क, दियरा से खननी पी0एम0जी0वाई0 सड़क विगत 5 वर्षों से जर्जर है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़कों का निर्माण शीघ्र कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-----------

आवेदन शुल्क वापस करना

*211. डॉ0 दाउद अली--क्या मंत्री, श्रम संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भवन और अन्य सन्निर्माण कर्मकार संबंधित विधियाँ (संशोधन) विधेयक, 2013 के पेंशन आदि का वास्तविक लाभ हेतु बक्सर जिला के 6,652 कर्मकारों द्वारा वर्ष 2011 से 2013 तक 20 रु0 शुल्क के साथ अपने पंजीयन के लिये आवेदन-पत्र श्रम कार्यालय, बक्सर में जमा किया है;

(2) क्या यह बात सही है कि वर्ष 2011 से 2013 तक जमा आवेदन-पत्र का पंजीयन उसी वर्ष न कर 2014 में किया जा रहा है और उसका मान्य तिथि 2014 किया जा रहा है जिससे वर्ष 2011 में 57 एवं 58 वर्षीय कर्मकार का उम्र 2014 में 60 वर्ष पूर्ण हो जाने से उक्त विधेयक का लाभ उन्हें नहीं मिल रहा है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार वर्ष 2011 से 2013 तक 6,652 आवेदित कर्मकारों को उनके जमा किये गये आवेदन तिथि से पंजीयन कराने का विचार रखती है अथवा सूद सहित आवेदन शुल्क वापस कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

-----------

नाव का परिचालन करना

*212. डॉ0 दाउद अली--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बक्सर जिलान्तर्गत मौजा-मझरिया, नौवरार का 1,000 एकड़ तथा उमरपुर, नौवरार का 400 एकड़ भूमि गंगा नदी के उस पार पड़ता है जहाँ जाकर खेती करने का कोई साधन नहीं रहने से प्रतिवर्ष उपजाऊ भूमि बंजर रह जाता है;

(2) क्या यह बात सही है कि समाहर्ता, बक्सर ने पत्रांक 030846/रा0, दिनांक 4 अप्रील, 2012 द्वारा उपरोक्त भूमि पर कृषि हेतु संयंत्र, ट्रैक्टर, पम्पिंग सेट, बीज, खाद आदि ले जाने-आने के लिये बड़ी नाव परिचालन कराने का अनुमति माँगा था, परन्तु दिनांक 2 दिसम्बर, 2014 तक कोई निदेश अप्राप्त है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उपरोक्त भूमि पर कृषि कराने हेतु बड़ी नाव का परिचालन कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-----------

जल-जमाव से मुक्ति

*213. श्रीमती सुजाता देवी--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सुपौल जिलान्तर्गत सुपौल प्रखण्ड के ग्राम पंचायत वीणा ग्राम-सैमाईर का एक सौ पचास (150) एकड़ चौर में छः माह जल-जमाव रहने से फसल नहीं उगता है जिससे किसानों को काफी क्षति हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार जमीन को जल-जमाव से मुक्त करने के लिये कौन-सा उपाय करने का विचार रखती है ?

-----------

पथ का स्थानान्तरण

*214. श्री अरूण कुमार सिन्हा--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पथ अवर प्रमंडल, पिपरा जो पथ प्रमण्डल सुपौल के अधीन कार्यरत हैं, के क्षेत्राधिकार में पड़ने वाले सभी पथों जो ओ0 पी0 आर0 एम0 सी0 के पैकेज 24 में समाहित है, में कार्य के क्रियान्वयन हेतु नवगठित पथ प्रमंडल, पिपरा को नौ माह पूर्व स्थानांतरित किया गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि पथ अवर प्रमंडल, पिपरा द्वारा वर्तमान में किसी भी पथ में कोई कार्य नहीं किया जा रहा है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार पथ अवर प्रमंडल, पिपरा को पथ प्रमंडल, सुपौल से पथ प्रमंडल, पिपरा में स्थानांतरित करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-----------

सड़क का चौड़ीकरण

*215. श्री अजय कुमार बुलगानीन--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि वैशाली जिला के गहनार प्रखण्ड से होकर समस्तीपुर जिला के पटोरी, मोहनपुर, मोहिऊद्दीन नगर प्रखण्ड होते हुये बेगूसराय जिला के बछवाड़ा तक जो सड़क जाती है, कई वर्षों से जर्जर स्थिति में है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पथ को 29 अगस्त, 2011 में ही पी0डब्लू0डी0 से स्टेट हाइवे में बदल दिया गया था, लेकिन आजतक इसका चौड़ीकरण नहीं किया गया है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उपर्युक्त वर्णित सड़क का चौड़ीकरण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

योजना की स्वीकृति देना

*216. श्री प्रदीप कुमार--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नवादा जिलान्तर्गत पकरीबरावाँ प्रखंड के बढ़ौना डैम, गोंगो पईन तथा काशीचक प्रखंड के सुभानपुर आहर-पईन, ढ़ोट्टा आहर-पईन की सफाई तथा जीराखाड़ छिलका जीर्णोद्धार कार्य का डी0पी0आर0 वित्तीय वर्ष 2012-13 में बनी थी, परन्तु स्वीकृति नहीं मिल पायी है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त योजना की स्वीकृति चालू वित्तीय वर्ष में करवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------

पुल का निर्माण

*217. श्री सदानन्द सिंह--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि प्रश्नकर्ता सदस्य द्वारा लिखे गये पत्र के आलोक में मंत्री ग्रामीण कार्य के पत्रांक-698/ आ0, दिनांक 8 जुलाई, 2014 द्वारा भागलपुर जिला के सन्हौला प्रखंडान्तर्गत बोरापाठकडीह पंचायत के ग्राम भवानीपुर और धुआवै पंचायत के ग्राम धुआवै के बीच भैना नदी पर आवागमन हेतु 4,09,41,000/ (चार करोड़ नौ लाख इकतालीस हजार) रु0 की लागत से पुल निर्माण की स्वीकृति के संबंध में संसूचित की गयी है, यदि हाँ, तो स्वीकृत के पश्चात भी अबतक पुल का निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं किये जाने का क्या औचित्य है ?

-------

सड़क का निर्माण

*218. श्रीमती वीणा देवी--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिलान्तर्गत गायघाट प्रखंड कांटा पिरौछा एन0एच0 57 पिरौछा चौक से राघोपुर तक ग्रामीण सड़क विगत पाँच वर्षों से जर्जर स्थिति में है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क निर्माण का कार्य कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------

कटाव से बचाव

*219. श्री विनय कुमार सिंह--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सारण जिला के दिघबारा प्रखंडान्तर्गत ग्राम आमी (अम्बिका स्थान) स्थित गंगा नदी घाट पर कटाव निरोधक कार्य वर्ष 2014 में कराया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त घाट के पूरब रामपुर आमी घाट के तरफ कटाव की स्थिति के कारण ग्रामीणों का घर प्रभावित होने की आशंका है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त स्थल पर कटाव निरोधक कार्य कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

आवागमन बहाल करना

*220. श्री उमाकान्त यादव--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिला के रहुई प्रखंडान्तर्गत रहुई-भगनबीघा पथ से ग्राम-डोहरा से ग्राम-रहीमपुर जाने वाली पथ गत जुलाई माह में पंचाने नदी में आयी भयंकर बाढ़ की विभीषिका से क्षतिग्रस्त हो जाने के चलते दर्जनों ग्रामों के ग्रामीणों का आवागमन बाधित है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त पथ का पुनर्निर्माण कराकर आवागमन सुचारू कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पथ का पुनर्निर्माण

*221. श्रीमती पूनम देवी यादव--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि खगड़िया जिलान्तर्गत मानसी-परमानन्दपुर आर०ई०ओ० पथ का निर्माण वर्ष 2012 में हुआ है, जो जर्जर हो गया है तथा आवागमन में आमजनों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त पथ का पुनर्निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

दोषी पर कार्रवाई

*222. श्रीमती मंजु कुमारी--क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिला के पूसा प्रखंड के ग्राम-पिशनपुर-बथुआ, वार्ड नं0 14 के महादलित बस्ती में काली स्थान के पीछे पुल एवं मिट्टीकरण कार्य मनरेगा के तहत कराया गया, जो दिनांक 23 सितम्बर, 2013 को सम्पन्न हो गया ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त कार्य मनरेगा योजना में निबंधित मजदूरों से कराया गया, जिसकी मजदूरी का भुगतान अभीतक नहीं किया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त मजदूरों की मजदूरी का भुगतान करते हुये दोषी पर कार्रवाई करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क की मरम्मती

*223. श्री विनोद कुमार सिंह--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिलान्तर्गत मनसाही प्रखंड में बड़ी बथना शिव मंदिर चौक से रैया टोला होते हुये मनसाही चौक तक जाने वाली सड़क अत्यंत क्षतिग्रस्त है, जिससे आवागमन बाधित है, यदि हाँ, तो सरकार जनहित में उक्त सड़क की मरम्मती कबतक कराने का विचार रखती है ?

जाँच कराना

*224. श्री गिरिधारी यादव--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बाँका जिलान्तर्गत बेलहर-बाँका पथ तथा दर्दमारा-सुलतानगंज (बेलहर) पथ का निर्माण कराया जा रहा है, वह प्राक्कलन की विशिष्टियों के अनुरूप नहीं किया जा रहा है जिसके कारण एक तरफ से सड़क का निर्माण हो रहा है और दूसरी तरफ से सड़क उखड़ती जा रही है, यदि हाँ, तो क्या सरकार इसकी जाँच कराकर कार्रवाई करने का विचार रखती है नहीं, तो क्यों ?

-------

कटाव से बचाव

*225. श्री मोतीलाल प्रसाद--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला के रीगा प्रखंड अन्तर्गत रेवासी पंचायत का रामनगर टोला, पुरानी धार बागमती नदी के कटाव से परेशान है तथा कई घर नदी में विलीन भी हो गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि आजतक उक्त टोला को कटाव से बचाने हेतु कोई सुरक्षात्मक कार्रवाई नहीं की गई है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार रामनगर टोला को कटाव से बचाने हेतु नदी से गाद निकालने तथा अन्य सुरक्षात्मक कार्रवाई करने का विचार रखती है ?

-------

पुल का निर्माण

*226. श्रीमती मुन्नी देवी--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1). क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिलान्तर्गत शाहपुर प्रखंड के सरना ग्राम के सामने धर्मावती नदी में पुल नहीं रहने से लोगों को आवश्यक कार्य करने हेतु बरसात के अलावे गर्मी में भी तैरकर जाना पड़ता है ;

(2) क्या यह बात सही है कि पूर्व मुख्य मंत्री स्व0 पं0 बिन्देश्वरी दूबे द्वारा सरना धर्मावती नदी पर पुल बनाने हेतु शिलान्यास वर्ष, 1985 में किया गया था जिसका शिलापट्ट आज भी लगा हुआ है, के अभीतक पुल का निर्माण नहीं हुआ है ;

(3) क्या यह बात सही है कि राज्य कोर नेटवर्क में भी उक्त पुल चयनित है ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक उक्त पुल का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------

पुल बनाना

*227. श्री सुरेन्द्र मेहता--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिले के वीरपुर प्रखण्ड अंतर्गत बरहाड़ा जगदर ग्राम के बलान नदी में पुल नहीं होने के कारण आम लोगों को जिला मुख्यालय आने-जाने में काफी कठिनाइयों को झेलना पड़ता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त पुल को बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

## बाँध का जीर्णोद्धार

*228. <u>श्री गिरिधारी यादव</u>--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बाँका जिलान्तर्गत लघु जल संसाधन प्रमण्डल, बाँका के अंतर्गत छातावर बाँध (लिखनी कौजी) बिल्कुल जीर्ण-शीर्ण अवस्था में है जिससे सिंचाई नहीं हो पा रही है और किसानों में त्राहिमाम है, यदि हाँ तो सरकार कबतक छातावर बाँध का जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------

## बाँध का सुदृढ़ीकरण

*229. <u>श्री मोतीलाल प्रसाद</u>--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला के बैरगनिया रिंग बाँध का पश्चिमी भाग (जमुआ से लेकर अशोगी ग्राम) जो जल निस्सरण अनुसंधान प्रमंडल, मोतीहारी में पड़ता है, के रिंग बाँध की स्थिति बिल्कुल खराब है, पिछले 20 वर्षों में बैरगनिया रिंग बाँध (पश्चिमी बाँध) का सुदृढ़ीकरण, उच्चीकरण एवं ईंट सोलिंग कार्य नहीं होने से बाँध जर्जर हो गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उसी बैरगनिया रिंग बाँध का पूर्वी भाग, जो बागमती कार्य प्रमंडल । सीतामढ़ी मे पड़ता है, का सुदृढ़ीकरण, उच्चीकरण तथा ईंट सोलिंग का कार्य वर्षों पूर्व सम्पन्न हो चुका है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार रिंग बाँध, बैरगनिया के पश्चिमी भाग का सुदृढ़ीकरण, उच्चीकरण तथा ईंट सोलिंग का कार्य कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

हरेराम मुखिया,<br>
प्रभारी सचिव,<br>
बिहार विधान-सभा ।

पटना :<br>
दिनांक 24 दिसम्बर, 2014 (ई0) ।

बि0स0मु0 (एल0ए0), 121 डी0टी0पी0-450